पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 4 ◆ रायपुर 20 अगस्त 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

**कैबिनेट बैठक**

### कर्मचारियों ने कैबिनेट के निर्णय का किया स्वागत

## छत्तीसगढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों को केन्द्र के समकक्ष मिलेगा महंगाई भत्ता



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा की। दो प्रतिशत की होगी वृद्धि, अब केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत मिलेगा महंगाई भत्ता दिया जाएगा। प्रदेश के कर्मचारी फेडरेशन संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम 11 सूत्रीय मांगों लेकर काम बंद करने का निर्णय लिया था, जिसे वापस लिए जाने पर विचार किया जाएगा। राज्य के अन्य कर्मचारी संगठनों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। राज्य शासन के इस निर्णय से अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। राज्य शासन ने कर्मचारियों के स्थापना व्यय पर नियंत्रण करने का दावा किया है, लेकिन यह निरंतर बढ़ता जा रहा है, इससे राज्य की अन्य जनहित योजनाओं पर वितरीत असर पड़ रहा है।

### पीडीएस में चना वितरण

*अनुसूचित क्षेत्र और माड़ा पॉकेट क्षेत्र के अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी परिवारों के लिए 2 किलो चना की खरीदी NeML ई-ऑक्शन प्लेटफार्म से होगी।*

*खरीदी पर अधिकतम 0.25% या कम सर्विस चार्ज लगेगा।*

*जुलाई से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों को चना नहीं मिला है, उन्हें दिसंबर 2025 तक पात्रतानुसार वितरण किया जाएगा।*

## नवा रायपुर में आईटी सेक्टर के लिए 90 एकड़ भू-खण्ड आबंटित करने कैबिनेट का निर्णय



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आईटी सेक्टर एक महत्वपूर्ण सेक्टर है। इसलिए राज्य युवा उद्यममियों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने जमीन आबंटित करने का निर्णय लिया है। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ में इस समय आईटी सेक्टर बड़ी संख्या में आ रहे हैं। पहल से नवा रायपुर में न सिर्फ तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसाहट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। आईटी कंपनियों की स्थापना से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।*

## मोदी कैबिनेट ने दी 2 बड़े इंफ्रा प्रोजेक्ट को मंजूरी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 2 बड़े प्रोजेक्ट की मंजूरी दे दी है. ये प्रस्ताव इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा हुआ है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्धव ने जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट ने राजस्थान में एक एयरपोर्ट और ओडिशा में रिंग रोड के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है. ये दोनों प्रोजेक्ट काफी महत्वपूर्ण हैं. इन दोनों प्रोजेक्ट की साइज करीब 10 हजार करोड़ रुपये की है। ओडिशा में 6 लेन रिंग रोड 110.875 km लंबा होगा, जिसके लिए कुल 8307.74Cr रुपये खर्च किए जाएंगे. यह भारत के सबसे बड़े रोड प्रोजेक्ट में से एक है, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दी है. कैबिनेट के इस फैसले से ओडिशा के लिए बड़ी राहत होगी. साथ ही आवगमन की सुविधा आसान हो जाएगी, जिससे बिजनेस करने वालों के लिए भी फायदेमंद होगा और देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी. बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "कैबिनेट ने 1,507 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से राजस्थान में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे- कोटा-बूंदी हवाई अड्डे के विकास को मंजूरी दे दी है. टर्मिनल भवन 3200 मीटर लंबे रनवे के साथ 20,000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है. इसकी क्षमता प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों की होगी. 2 साल के अंदर इसे पूरा करने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा, "भारत में साल 2014 तक केवल 74 एयरपोर्ट थे. पिछले 11 सालों में यह संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है. अब भारत में 162 एयरपोर्ट एक्टिव हैं."

**सहकारी समितियों के ब्योरे पर जानकारी मांगी**

## बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रखा सहकारी समितियों का मुद्दा




**नई दिल्ली/रायपुर।** सहकारिता आंदोलन को मज़बूती प्रदान करने और सहकार से समृद्धि के मंत्र को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में महत्वपूर्ण विषय उठाया। उन्होंने सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से नई राष्ट्रीय सहकारी समिति नीति के उद्देश्य, उसके क्रियान्वयन की स्थिति, प्लेटफ़ॉर्म सहकारी समितियों की विशेषताओं, उद्यम निधि की योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ सहित देशभर में गठित बहु-राज्य सहकारी समितियों के ब्योरे पर विस्तार से जानकारी मांगी। सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2025 में नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति का विमोचन किया गया है, जो आगामी दस वर्षों में सहकारी क्षेत्र को व्यवस्थित और सर्वांगीण विकास का मार्गदर्शन करेगी। इस नीति के 16 उद्देश्यों को छह रणनीतिक मिशन स्तंभों में समाहित किया गया है, जिनमें सहकारी समितियों को सशक्त करने, प्रौद्योगिकी आधारित पारदर्शिता लाने, युवाओं व महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सहकारी क्षेत्र को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने जैसे बिंदु शामिल हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि सहकारिता के सिद्धांतों पर आधारित 'सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड' को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत किया गया है। यह ऐप आधारित टैक्सी सेवा ड्राइवरों और ग्राहकों दोनों के लिए पारदर्शी और लाभकारी होगी।

## रमन सिंह ने पीएम मोदी को दिया नए विधानसभा भवन लोकार्पण का न्यौता



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नव निर्मित भवन के लोकार्पण के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ विधानसभा अपने नए भवन में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से विधानसभा भवन का लोकार्पण होना न केवल ऐतिहासिक पल होगा बल्कि सभी विधानसभा सदस्यों के लिए गौरव का दिवस भी बनेगा।

**मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग रहे सजग**

# शासन के निर्देशों का पूर्ण क्षमताओं के साथ पालन एवं निर्वहन करें - कलेक्टर

## कलेक्टर ने गौधाम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशों का पूर्ण पालन करने कहा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन जो जिम्मेदारी और निर्देश जारी किया गया है, उसका पूर्ण क्षमताओं के साथ पालन एवं निर्वहन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि विभागीय लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले के साथ दायित्वपूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में रजत महोत्सव के अंतर्गत दिए गए दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष के उपलक्ष में मनाया जा रहा है। रजत महोत्सव के अंतर्गत राज्य निर्माण के बाद जिले में हुए विकास कार्यो उपलब्धियां को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले की गरिमामय इतिहास को रेखांकित करें। कलेक्टर ने कहा कि हमर धरोहर, हमर गौरव ,पुरखा के सुरता, हमर संस्कृति, हमर विरासत जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जिले की उपलब्धियां को प्रदर्शित करें।

कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य अमल को निर्देशित करते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों एवं अन्य जल जनित रोगों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमल विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां के साथ ही समुचित उपचार के लिए सजग रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई सहित सर्व एसडीएम उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने गौधाम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है, कि निराश्रित एवं घुमंतू गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौ सेवकों को नियमित आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है।

गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है।

### अवैध तस्करी और घुमंतू पशुओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है। राज्य में अवैध पशु तस्करी एवं परिवहन पर पहले से रोक है। अंतरराज्यीय सीमाओं पर पुलिस कार्रवाई में बड़ी संख्या में गौवंशीय पशु जब्त होते हैं। इन पशुओं और घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ही यह योजना शुरू की जा रही है। प्रत्येक गौधाम में क्षमता के अनुसार अधिकतम 200 गौवंशीय पशु रखे जा सकेंगे।

गौधाम योजना के तहत चरवाहों को 10,916 रुपए प्रतिमाह और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले वर्ष 10 रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपए प्रतिदिन, तीसरे वर्ष 30 रुपए प्रतिदिन और चौथे वर्ष 35 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं, ताकि संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो।

गौधाम योजना से प्रदेश में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बड़ी संख्या में चरवाहों एवं गौसेवकों को नियमित आय का साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार कर उन्हें अधिक दूध देने और खेती-किसानी में पूरी क्षमता से उपयोग करने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में जैविक खेती और चारा विकास कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी, जिससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। पहले चरण में छत्तीसगढ़ के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। जिला स्तरीय समिति प्राप्त आवेदनों का तुलनात्मक अध्ययन कर चयनित संस्था का नाम छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग को भेजेगी। मंजूरी के बाद चयनित संस्था और आयोग के बीच करार होगा, जिसके पश्चात गौधाम का संचालन उस संस्था को सौंपा जाएगा। गौधाम में निराश्रित एवं घुमंतु गौवंशीय पशुओं को ही रखा जाएगा और उनका वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन होगा। संचालन में गौशालाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य गौ सेवा आयोग में पंजीकृत गौशाला की समिति, स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, किसान उत्पादक कंपनी और सहकारी समिति संचालन के लिए पात्र होंगी। गौधाम को वहां रहने वाले पशुओं की संख्या के आधार पर राशि दी जाएगी। गौधाम से सटी भूमि पर चारा विकास के लिए भी आर्थिक सहायता दी जाएगीकृएक एकड़ में चारा विकास कार्यक्रम पर 47,000 रुपए और पांच एकड़ के लिए 2,85,000 रुपए का प्रावधान है।

### गौधाम की स्थापना के लिए चयनित होगी उपयुक्त शासकीय भूमि

ऐसी शासकीय भूमि, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशुओं के शेड, पर्याप्त पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध हो, वहीं गौधाम की स्थापना की जाएगी। जिन गौठानों में पहले से अधोसंरचना विकसित है, वहां उपलब्धता के आधार पर गौठान से सटे चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि आसपास की पंजीकृत गौशाला की समिति संचालन हेतु असहमति व्यक्त करती है, तो अन्य स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या सहकारी समिति संचालन के लिए आवेदन कर सकेगी।


### गौधाम बनेंगे प्रशिक्षण केंद्र, बढ़ावा मिलेगा गौ उत्पादों को

*प्रत्येक गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। संचालनकर्ता समिति या संस्था ग्रामीणों को गौ-उत्पाद विषय पर प्रशिक्षण देगी और उन्हें गौ-आधारित खेती के लिए प्रेरित करेगी। इसके साथ ही गोबर और गौमूत्र से केंचुआ खाद, कीट नियंत्रक, गौ काष्ठ, गोनोइल, दीया, दंतमंजन, अगरबत्ती आदि बनाने का प्रशिक्षण, उत्पादन और बिक्री के लिए भी गौधाम एक माध्यम बनेगा।*

---

**रही पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था**

# श्री अखंड राम नाम सप्ताह समापन में एसपी भावना गुप्ता ने भी दी अपनी सेवाये



**भाटापारा।** 87 वें श्री अखंड राम नाम सप्ताह समारोह का समापन जुलूस के मौके पर शहर सहित छत्तीसगढ़ राज्य तथा देश के अनेक नगर से बडी संख्या मे श्रद्वालू भक्त अपने परिवार दोस्त यार मित्र के साथ समारोह को देखने पहुचे कार्यम में शामिल होने आये विभिन्न जिलो के दूरस्थ गांव के भजन कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं का अभिनंदन नगर के विभिन्न राजनेताओ के पंडाल के अलावा समाज सेवी संगठन द्वारा मंडलियो को पुरस्कार वितरण कर उनका हौसला बढाया इस दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने रामसप्ताह मंडप मे पहुंचकर संयोजक अनिल चांडक एवं अन्य सदस्यो के साथ मिलकर जुलूस व्यवस्था की चर्चा की साथ ही मंडप में अपनी सेवाये भी दी उन्होने कहा कि यह ऐतिहासिक पर्व में शांति व कानून व्यवस्था बेहतर बनाने हर संभव कार्य किये जायेगें उन्होने कहा कि इस पर्व में प्रभु श्रीराम चंद्र जी का आर्शीवाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। सम्पूर्ण कार्यम मे पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही जिसमे रायपुर व धमतरी जिलो से सैकडों की संख्या में आये पुलिस बल तथा विशेष बल के अलावा अधिकारी भी तैनात थे।

# स्वतंत्र भारत से, आत्मनिर्भर भारत समय की आवश्यकता




आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं,आज हमें अंग्रजों की पराधीनता से मुक्त हुए 79 वर्ष बीत चुके हैं। अवश्य ही यह हम सभी देशवासियों के लिए हर्षोल्लास का समय है किंतु यह समय हमारे लिए स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आत्मचिंतन का भी समय है, 15 अगस्त 1947 को हम अंग्रेजों के शासन का आधार रखने वाले क्लाइव के साम्राज्य से तो मुक्त हो गए परंतु मानसिक गुलाम बनाने वाले मैकाले की शिक्षा नीति से आज भी मुक्त नहीं हो पाए हैं अर्थात् सन् 1947 में हमें राजनीतिक स्वतंत्रता तो मिली परंतु आज भी हम अंग्रेजियत की मानसिक गुलामी से स्वतंत्रत नहीं हो पाए हैं।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को मजबूत व दीर्घकालिक बनाने के लिए शासक व शासित के मध्य अंतर को स्थापित किया, जिसमें यूरोपीय या पाश्चात्य होने का अर्थ था सभ्य ,वैज्ञानिक, तार्किक, आधुनिक, ऐतिहासिक होना तथा भारतीय का अर्थ था असभ्य, अंधविश्वासी, अतार्किक, पुरातन और मिथ्याजनक होना था। और इस प्रकार उन्होंने भारतीयों के मन में हीनता का भाव स्थापित कर दिया।

भारतीय संस्कृति व सभ्यता के प्रति हीन भावना तथा पाश्चात्य संस्कृति के प्रति श्रेष्ठता के भाव भारतीयों के मन मस्तिष्क में स्थापित करने का कार्य मैकाले की शिक्षा नीति के माध्यम से किया गया जिसमें अंग्रेजीयत फैलाने के लिए अंग्रेजी भाषा में शिक्षा तथा शिक्षा का दर्शन भी अंग्रेजी सभ्यता या पाश्चात्य सभ्यता के रूप में तय किया गया, साथ ही हमारे रामायण महाभारत जैसे इतिहास को मिथ्या के रूप में प्रचारित किया। जिससे इस शिक्षा नीति ने भारतीयों को सिर्फ शरीर मात्र से भारतीय बनाए रखा तथा मन, मस्तिष्क व मानसिक रूप से अंग्रेज बनाने का कार्य किया।

अंग्रेजों ने अपने शासनकाल में भारतीय समाज की आध्यात्मिक चेतना तथा सांस्कृतिक दृढ़ता को दूषित किया जिसका परिणाम है कि आज भी हम पाश्चात्य संस्कृति, सभ्यता का अंधानुकरण कर रहे हैं, खान-पान, रहन-सहन, पहनावा में भी हम पश्चिमी सभ्यता का अंधानुकरण कर रहे हैं, जैसे भारत में खाद्य पदार्थ की इतनी विविधता के होते हुए भी हम पिज़्ज़ा बर्गर के पीछे भाग रहे हैं, जो कि स्वास्थ्यवर्धक भी नहीं है। त्याग, तपस्या, सरलता, दानशीलता को महत्व देने वाला भारतीय समाज आज भोगी और लालची हो गया है । व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर हमारी युवा पीढ़ी स्वच्छंद होती जा रही है, जो किसी प्रकार के जिम्मेदारियों का पालन करने को बोझ समझता है।

राजनीतिक स्वतंत्रता के इतने वर्षों अर्थात् स्वशासन के बाद भी शासन के विभिन्न स्तंभों जैसे कानून, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस प्रशासन तथा मीडिया में आज भी औपनिवेशिक मानसिकता के तत्व दिखाई देते हैं जो हमें पूर्ण स्वराज अर्थात् राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व वैचारिक स्वराज स्थापित करने से रोकते हैं ।

आज स्वतंत्रता दिवस में हम भारतीयों को स्वतंत्रता की अगली सीढ़ी पर कदम रखने की आवश्यकता हैं, पूर्ण स्वराज अर्थात राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ मानसिक व सांस्कृतिक स्वतंत्रता को स्थापित करने के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है। तभी हम एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे जिसकी जड़े उपभोग व लालच से सिंचित नहीं होगी बल्कि आध्यात्मिकता के प्रकाश से प्रकाशित तथा भारतीय संस्कृति के दर्शन से सिंचित होगी।

अतिथि संपादक



**कर्मवीर धुरंधर**
असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग
मोतीलाल नेहरू कॉलेज
दिल्लीविश्विद्यालय

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

**लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है।**



भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषत: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं।

हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है। विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे।

*विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती हैं? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।*



- ललित गर्ग


79वें
समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. केदार कश्यप जी
जल संसाधन विभाग छ.ग. शासन
मा. ईश्वर साहू जी
विधायक साजा विधानसभा
सौजन्यः जल संसाधन उप संभाग साजा, जिला-बेमेतरा


79वें
समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. टंकराम वर्मा जी
राजस्व विभाग छ.ग. शासन
मा. ईश्वर साहू जी
विधायक साजा विधानसभा
सौजन्यः अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा, जिला-बेमेतरा


79वें
समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुळाकामनाएं
तोशु राम वर्मा
अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति टेढ़ी-कांपा
समिति प्रबंधक
हेमंत तिवारी
पर्यवेक्षक, जिला सह. बैंक ठेलका
संजय चौबे
शाखा प्रबंधक ठेलका
सौजन्यः सेवा सहकारी समिति कांपा पं. क्र. 356, शाखा ठेलका


79वें
समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गिरधारी निर्मलकर
सरपंच, धोबी खपरी
पंचराम निषाद
सचिव, धोबी खपरी
मा. ईश्वर साहू जी
विधायक साजा विधानसभा
सौजन्यः समस्त ग्रामवासी एवं पंचगण धोबी खपरी


79वें
समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सभी प्रकार के अंग्रेजी आयुर्वेदिक एवं पशु संबंधी दवाईयाँ उपलब्ध है।
सौजन्यः दुबे मेडिकल स्टोर्स, थानखम्हरिया

# नगर में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

## अनीता चंदन अग्रवाल ने गांधी चौक में किया ध्वजारोहण





**ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया**

**थान खम्हरिया।** नगर सहित आसपास के गांव में स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया गया जगह-जगह तिरंगा लहराया गया, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्य₹ मों का भी आयोजन किया गया ,नगर में प्रतिवर्षा अनुसार नगर पंचायत में सीएमओ सतीश कुमार यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया आरक्षि केंद्र थाना में थाना प्रभारी द्वारका देशलहरे ने वही तहसील कार्यालय में तहसीलदार मोरध्वज साहू नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

महात्मा गांधी चौक जयस्तंभ चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया इसके अलावा ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गोल बाजार में रोशन सिन्हा वीरेंद्र सिन्हा सतीश जोशी जितेंद्र उपाध्याय के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया शासकीय कार्यालय में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया इंडियन पब्लिक ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया एल के जी ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में छात्र समर्थ सिंघानिया द्वारा तलवारों से सवारीए केसरी नृत्य किया गया। जो प्रशंसनीय रहा गांधी चौक कार्य₹ म समापन के पश्चात सभी विद्यालय के छात्र, छात्राएं व जनप्रतिनिधि पुराना तहसील कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां पर नगर पंचायत के द्वारा मंचीय कार्यक्र म व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, अध्यक्षता रणछोर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि गणेश लाल अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, शरद कुंभकार, राजेश ठाकुर, सुरेश सिंघानिया( एस एस ज्वैलर्स), मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, आशीष राज सिंघानिया, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, इंद्रपाल पसरिजा, राजेश सिंघानिया के गरिमा में सानिध्य में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया कार्य₹ म का सफल संचालन शिक्षक ढाल सिंह राजपूत, टीकम अग्रवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पा हार व बैच लगाकर नगर पंचायत सीएमओ यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने भारत माता के जयकारे के साथ संबोधन की ,शुरुआत की आपने कहा आज का दिन हम भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण दिन है, वीर जवानों के बलिदान को नमन करती हूं। आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। नगर में विकास कार्य शीघ्र ही तेजी से शुरू कराया जाएगा। वैसे अधिकांश वार्डो में कार्य



चालू कर दिया गया है। आने वाले समय में बाय पास रोड, एसडीएम कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय शीघ्र चालू किया जाएगा व पॉलिटेक्निक कॉलेज का भूमि पूजन किया जाएगा। नगर में विगत काई वर्षों से मूलभूत समस्याओं से नगर जूझ रहा था। जिससे जनता को शीघ्र निजात मिलने की बात कही, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन में कहा, जिन्होंने अपने राष्ट्र को, देश को आजादी दिलाने में योगदान दिया। अपने प्राणों का न्योछावर किया, ऐसे वीर सपूतों को सलाम करते हैं। वामपंथी कांग्रेसी के द्वारा राष्ट्र भक्तों को दबाकर रखा गया था। लाल, बाल, पाल चंद्रशेखर, सुभाष चंद्र बोस के कारण आजादी मिली है।ना कि चरखे के पास धागा काटने से हम आजादी मिली। जिन्ना नेहरू महात्मा गांधी के जीद के कारण देश का बंटवारा हुआ। हम भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं। हम विचारधारा की राजनीति करते हैं। हमारी लड़ाई विकास कार्य के लिए रहती है। उसके पश्चात पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर ने वंदे मातरम जयकारे के साथ संबोधन की शुरुआत की। आपने कहा, हमारे जवानों ने अपने प्राण की बाजी लगाकर देश को आजादी दिलाई। आज हमारा देश जिस दिशा में जा रहा है, ऐसा लगता है। आने वाले समय में शक्तिशाली देश बनेगा। केंद्र व राज्य सरकार की योजना को विस्तार से बताया गया। पिछले कार्यकाल में भाजपा पार्षद के द्वारा पीठ में छूरा भोकने का काम किया। इसलिए पूर्व में विकास कार्यों को हम आगे नहीं बढ़ा सके। पश्चात आशीष राज सिंघानिया ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा। सर्वांगीण विकास गाथा को आगे बढ़ाएंगे। नगर में कला संस्कृति को भी स्थान दिया जाएगा, मेरी जन्म भूमि कर्मभूमि है, हमेशा मन में उत्कंठा रहती है। लेकिन जनता जनार्दन के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष केशव पटेल देवेंद्र तिवारी अनिल सिंघानिया मुकेश सिंघानिया , बलिराम देवांगन,बछ्छू निषाद, हरिश्चंद्र साहू ,मनीष रात्रे ,विजय यादव ,श्रीमती नेहा जायसवाल ,श्रीमती भारती हरीश निर्मलकर ,श्रीमती ललिता विनोद यादव , नरेश पाटिल, प्रवेश नेताम, श्रीमती अंजू टीकम अग्रवाल, करीम बेग ,ऋषि तिवारी, श्रीमती नेहा भैया राम लहरे ,वीरेंद्र कुमार सिन्हा, रोहित कुमार भारती, चंदन अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि ,माहनामा नामदेव , इंद्रपाल पसरिजा ,घसिया निषाद ,वीरेन जोशी, साकेत सिंघानिया,राजेश राजपूत, पवन सिन्हा ,योगराज साहू उपस्थित थे।

# माताओं ने कमरछठ पर्व पर मांगी संतान की लंबी उम्र और खुशहाली



**ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया**

**थानखम्हरिया।** नगर में पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ कमरछठ पर्व मनाया गया। पंचवटी शिव सरोवर सहित नगर के सभी वार्डों में महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। माताओं ने भगवान शिव को असर चावल, काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई, भैंस का दूध-दही सहित पारंपरिक पूजन सामग्री अर्पित कर संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों और मोहल्लों में मां सृष्टि की कथा का वाचन और श्रवण हुआ। पंडित विक्की दुबे और श्रीमती मधु दुबे ने बताया कि यह पर्व छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक अद्वितीय आयोजन है, जिसे सभी जाति-वर्ग की महिलाएं मनाती हैं। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार इस दिन हल से जोते हुए अनाज का सेवन नहीं किया जाता और महिलाएं खेत या मेहनत वाले कार्यों से दूर रहती हैं। पर्व के पीछे की मान्यता के अनुसार, जब कंस ने देवकी के बालकों का वध किया, तब देवकी ने हलषष्ठी माता का व्रत रखा और उसके बाद श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। तभी से इस पर्व को संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए मनाने की परंपरा चली आ रही है।

# महिला स्व सहायता समूह व दंतेश्वरी महिला मानस मंडली ने रक्षाबंधन पर्व पर भजन का आयोजन किया

**ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया**



**थान खम्हरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर में महिला स्व सहायता समूह व दंतेश्वरी महिला मानस मंडली के संयुक्त तत्वधान में रक्षाबंधन का पर्व आस्था व बड़े भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। साथ ही राखी के भजन, देशभक्ति गीतों का सुंदर प्रस्तुति करण भाव और लय के अद्भुत संगम में मंत्र मुग्ध कर दिया। रक्षाबंधन से नवमी तक चलने वाला यह आयोजन ना केवल आस्था का प्रतीक है। बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस दौरान महंत बसंत दास ने कहा, यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई का मस्तक पर टीका लगाकर



रक्षा का बंधन बांधती है। जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिंदू त्यौहार है, जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। आगे आपने बताया भगवान कृष्ण ने इस प्रेम और विश्वास के बदले द्रोपती को उनकी रक्षा का वचन दिया था। इस अवसर पर समूह व मंडली की महिलाएं उपस्थित थी। वह इस मौके पर अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, दीपक बंसल, प्रमोद सिंघानिया, शिव बिंदल उपस्थित थे।

# भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विधायक ईश्वर साहू

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, गोविंद पटेल, ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, केशव पटेल और अनिल सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोटरसाइकिल रैली के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ता पैदल हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों से नगर की गलियों को गूंजा रहे थे। आसपास के ग्रामीण अंचल से भी कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

विधायक ईश्वर साहू ने यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा



## देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा,

"देश की आज़ादी हमारे महापुरुषों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। नई पीढ़ी को आज़ादी के महत्व से परिचित कराना और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।"



साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ राज्य के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, रामावतार सिंह राजपूत, दौलतनाथ योगी, घनश्याम राजपूत, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, तोषू वर्मा, पुत्री तोरण यादव, राजेश राजपूत, मुकेश सिंघानिया, चेतन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नगर के वार्ड क्र.14 निवासी प्रार्थी मनोज निर्मलकर (उम्र 39 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 1 वर्ष पूर्व उसने शाहिद शेख के बड़े पापा बसीर शेख से जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री व प्रमाणीकरण हो चुका है। 11 अगस्त 25 की शाम 4 बजे वह अपनी बेटी नैनसी (उम्र 9 वर्ष) को ट्यूशन छोड़ने के बाद खरीदी गई जमीन को देखने पहुंचा था। वहाँ पहुँचने पर उसने देखा कि जमीन पर मलबा डला हुआ था। इसी दौरान पास ही रहने वाले शाहिद खान ने आकर गाली-गलौज की, कालर



पकड़कर मारपीट की। आरोप है कि शाहिद के पिता, मां और पत्नी ने भी मिलकर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। मनोज निर्मलकर ने बताया कि शाहिद खान ने उसे अपने घर के अंदर बंद कर बाहर से चैनल गेट लगाकर मारपीट की। परिवार वालों को खबर मिलने पर उसे बाहर निकाला गया। घटना में उसे गंभीर चोटें आई है जिसके चलते वह दो दिन तक कवर्धा अस्पताल में भर्ती रहा। पुलिस ने धारा 296, 35, 115(2), 127 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर इसे विवेचना में लिया है। एसडीओपी मनोज तिर्की एवं थाना प्रभारी द्वारिका प्रसाद देशलहरे ने कहा कि आरोपी कोई भी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं कुछ संगठनों ने चेतावनी दी है कि समय पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# महान विचारक साजा-विरेन्द्रनगर के पूर्व विधायक पं. देवी प्रसाद चौबे को दी श्रद्धांजलि



**थानखमरिया।** देवी चौबे क्लब के तत्वावधान में अविभाजित मध्यप्रदेश के साजा-वीरेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सरल, सहज, किसान नेता, महान विचारक और गरीब-मजदूरों के मसीहा, पूर्व विधायक पं. देवी प्रसाद चौबे जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय गांधी चौक में किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन, संघर्ष और साजा-वीरेंद्र नगर क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण सिन्हा, कांग्रेस नेता रोशन सिन्हा, सतीश जोशी, गोरेलाल चंद्राकर, सरपंच राजेश साहू, पूर्व एल्डरमैन हुकुम सिन्हा, जगमोहन यादव, डॉ. गोविंद शर्मा, पार्षद वीरेंद्र सिन्हा, शरद देवांगन, नरेश पटेल, संतोष नामदेव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों से नागरिक परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो शहर व ग्रामीण क्षेत्र की ओर जाने वाली विभिन्न मार्ग की हालत बद से बदतर स्थिति मे पहुंच गई है । जिसके कारण लोगों को आवाजाही मे भारी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। खासकर अब जबकि तीज त्यौहार का सीजन शुरू हो गया है ऐसे वक्त गांव से अपने मायके की ओर जाने वाली माता बहनों को जर्जर सड़क मे चलने के दौरान दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।



फलस्वरूप भयभीत होकर यात्रा करने मजबूर है क्योकि उबड़ खाबड़ व जर्जर सड़क मे सायकिल मोटरसायकिल आये दिन दुर्घटनाग्रस्त व पंचर एवं भ्रष्ट हो रहे है। ग्रामीणों ने उक्त तमाम गांव की सड़को की मरम्मत की मांग करते हुये क्षेत्रिय नेताओं व प्रशासन से सड़क सुधार की गुहार लगाई है। जर्जर सड़को मे भाटापारा मंडी रोड की सड़क के अलावा गुरूनानक वार्ड ,अंबेडकर चौक से लेकर ग्राम टेहका पहुच मार्ग की हालत जर्जर स्थिति में है इसी प्रकार भाटापारा से धुर्राबांधा गांव की सड़क की हालत खराब है । ग्राम तरेंगा से टोहड़ीघाट इंटेक वेल की ओर जाने वाली सड़क की सबसे ज्यादा हालात खराब है । यहा पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है इसी प्रकार शहर व ग्रामीण क्षेत्र की अनेक सड़को का हाल दयनीय स्थिति में पहुच गया है ।

# अखंड रामनाम संकीर्तन और जन उत्सव का 87 वां वर्ष

**छ**त्तीसगढ़ के भाटापारा में 'जय रघुपति राघव राजा राम,जय पतित पावन सीताराम'' की अखंड संकीर्तन एक सप्ताह तक हर बरस चलता है। 87 बरस से हर साल भादों माह की द्वितीया से नवमीं तिथि तक संकीर्तन होता है और फिर निकलती है श्री राम की शोभा यात्रा। रथ पर राम दरबार की तस्वीर और उसकी अगुवाई करती आगे आगे चलती हैं गांव गांव से आई भजन मंडलियां। सैकड़ों की तादाद में रंग-बिरंगी वेशभूषा लिए नाचती गाती भजन मंडलियां जब निकलती हैं वह दृश्य देखते ही बनता है जिसमें विभिन्न समाज की सांस्कृतिक छवि एकाकार हो उठती है। एक अदभुत जन उत्सव जिसे देखने के लिए दूरदराज से लोग आते भावविभोर हो उठते हैं। जहां बरसते मेह में सराबोर हो नाचती,गाती भजन मंडलियों का उत्साह देखते बनता है ।





महंत सालिकराम जी



'अखंड राम नाम सप्ताह' ऐसे ही नहीं शुरू हुआ! सन् 1937 के दौरान आषाढ़ के बाद सावन में भी पानी नहीं बरसा था। नदी सूख चली थी। कुआं, तालाब तो पहले ही रीत गये थे। खेतों में दरार पड़ रही थी। किसान व्याकुल हो उठे थे। पीने के पानी के लिए मारामारी होने लगी थी। भयावह अकाल की आशंका से लोग भयभीत हो उठे थे। अकाल के संकट से उबरने के लिए एक जनसमूह तब जा पहुंचा अयोध्या के रामानंदी महंत सालिकराम दास जी के पास...। महंत सालिकराम जी उस समय भाटापारा में अपना चतुर्मास व्यतीत करने के लिए रुके थे। लोगों ने महंत जी से अकाल से मुक्ति के लिए उपाय पूछा। महंत सालिकराम ने कहा।

## "कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर उतरई भवपारा"

यह कहते हुए समझाया कि कलयुग में राम का नाम लेने से सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। इसलिए जय रघुपति राघव राजा राम,जय पतित पावन सीताराम महामंत्र का अखंड जाप करें। श्री राम सब संकट हर लेंगे!

**फिर क्या था..!** मोहनदास मंदिर, चना मंदिर के पुजारी भगवान दास दीक्षित की अगुवाई में लोग आ जुटे। अखंड जाप में रामलाल गुप्ता, कन्हैयालाल कारीगर, पुत्तीलाल गुप्ता, शिवप्रसाद सोनी, ददुआ पंडित, मन्नूलाल तिवारी आदि लोगों ने अखंड राम धुन आरंभ की। देव योग से संकीर्तन शुरू होने के 48 घंटे में बारिश शुरू हो गई। राम धुन थमी नहीं और बारिश होते रही। लोगों के चेहरों में रौनक लौट आई। गांव-गांव में बारिश होने का समाचार सुनकर लोग प्रसन्न हो उठे। और तब से साल दर साल 'अखंड राम नाम सप्ताह' का सिलसिला प्रारंभ हुआ।



वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम पुरोहित बताते हैं, कि वर्तमान चना मंदिर के दूसरी ओर लटुरिया मंदिर और उसके पीछे करिया तालाब के बीच एक बड़ा मैदान था, जहां तुलसी चौरा था। इसी स्थान पर अस्थाई रूप से मंडप 1939 में तैयार हुआ। अखंड संकीर्तन समाप्ति के बाद राम की शोभा यात्रा निकाली जाने लगी। गांव गांव से भजन मंडलियों को आमंत्रित किया गया। सैकड़ों भजन मंडली शोभायात्रा में शामिल होती चली गई। अखंड राम नाम सप्ताह और शोभायात्रा धीरे-धीरे विशाल जन उत्सव में बदल गया। इसमें सभी धर्म, जाति के लोग बिना भेदभाव आ जुटते हैं ,हर साल।

सनातन के उत्सव का गुरुतर भार संभालने के लिए रामनारायण चांडक, मदन गोपाल राठी, शिव प्रसाद अग्रवाल, मीठालाल मल, दुलीचंद गांधी, मोतीलाल भोजवानी, बिजेलाल तिवाड़ी, रामनारायण विश्नोई जैसे लोग सामने आए। जन सहयोग से गांव गांव से आई मंडलियों के भोजन की व्यवस्था शुरू हुई और यह आज भी चल रही है। उत्तरायण संस्था ने दर्शकों के लिए नाम मात्र शुल्क लेकर भोजन का इंतजाम प्रारंभ किया। इसका अनुकरण करते हुए व्यापारी संघ एवं विभिन्न समाज के लोग दर्शकों को लिए उत्तम भोजन का इंतजाम करने लगे। शोभा यात्रा के दौरान हर गली मोहल्ले में तरह-तरह की भोज्य सामग्री निशुल्क बांटी जाती है । विशाल जनमानस को देखते हुए तमाम नामी कंपनियां भी आ जुटती हैं अपना विज्ञापन करते उपहार बांटती शिरकत करती हैं। इस अवसर पर बड़े आग्रह के साथ दर्शकों को भोजन करने के लिए जगह-जगह बुलाया जाता है। भाटापारा के अखंड राम नाम सप्ताह को बनाए रखने में लोग आगे आते रहे। इनमें तुलसीराम मूंदड़ा, तारानाथ मिश्रा, प्रतापचंद अग्रवाल, गोवर्धन भट्टर, मदनलाल लाहोटी, करमचंद बाबू, मुरलीधर सेठ, माधव वाढेर, प्रभु लाल, रामप्रसाद पुरोहित, रामनारायण विश्नोई के सहयोग से अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन निर्बाध चलता रहा। अकाल के संकट से उपजा अखंड कीर्तन छत्तीसगढ़ का अनूठा जन्म उत्सव बन गया है। श्री राम की शोभा यात्रा में भाग लेने गांव गांव से सैकड़ों की तादाद में भजन मंडलियां भाटापारा आ पहुंचती हैं। एक के बाद एक भजन मंडली राम धुन के साथ राम दरबार के रथ की अगुवाई करती चलती हैं। शोभा यात्रा राम सप्ताह मंडप से दोपहर से शुरू होकर नगर भ्रमण करती है।... अलसुबह रामनाम सप्ताह मंडप में पहुंचती हैं। पूरा नगर भजन मंडलियों स्वागत में आ खड़ा होता है। 1960 में अखंड राम नाम सप्ताह का भव्य मंडप तैयार हुआ।मदनलाल अग्रवाल, रमेश शर्मा ने बताते हैं कि इसी के साथ दो दिन तक महिलाओं का अखंड संकीर्तन शुरू हुआ। संकीर्तन भादों कृष्ण एकादशी से त्रयोदशी चलता है। 87 बरस से अखंड संकीर्तन चला आ रहा है। ऐसा धार्मिक उत्सव जहां जात पांत, छुआछूत का नामोनिशान नहीं दिखता। रामनाम सप्ताह और शोभायात्रा में सभी लोग उत्साह और भक्ति भाव में सराबोर होते एकाकार नज़र आते हैं.! 2025 में दस अगस्त से अखंड संकीर्तन शुरू हुआ जो 17 अगस्त तक चला, और फिर निकली राम की शोभा यात्रा...

- रविन्द्र गिन्नौरे


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
एवं
जन जन के नेता यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री
माननीय श्री भूपेश बघेल जी
को (23अगस्त)
जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई
शुभकामनाए...
मा. भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री
HAPPY BiRTHDAY
इन्द्र साव विधायक भाटापारा


# भारत माता चौक में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया नगर के सामाजिक संस्था पदाधिकारी व नगर के प्रबुद्ध जनों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत माता चौक पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। और ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाकर, भारत माता के जयकारे लगाते हुए, स्वतंत्रता दिवस मनाया। संस्था प्रमुख ने बताया, कि उनकी संस्था गरीब, असहाय व पशु, पक्षियों के लिए काम करती है। संस्था आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर सामाजिक उत्कृष्ट और सामाजिक कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी करती है। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के साथ शुरू कार्यक्रम की शुरुआत हुई



बालक स्कूल की शिक्षिका आरती शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया फिर ईश्वर चंद्राकर की टीम द्वारा देशभक्ति ने अलग ही माहौल बनाया। मां भारती सेवा समिति, थान खमरिया, के द्वारा रात 8 बजे से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में राज्यस्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वन्दना से हुई। कवि सम्मेलन का संचालन कमल किशोर शर्मा ने किया । सर्वप्रथम हेमशंकर पाटिल द्वारा अपनी छंद बद्ध रचना की प्रस्तुति दी। रामकुमार साहू ने छत्तीसगढ़ी गीत और गजल के माध्यम से सभी का मन जीत लिया। हरीश पटेल ने अमर शहीदों का गुणगान अपनी कविताओं के माध्यम से किया। हास्य कवि धर्मेंद्र डहरवाल हरहा ने अपनी हास्य कविताओं से सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कवियत्री अभिलाषा पांडे ने अपने गीतों के



माध्यम से देश के लिए किए गए नारियों के बलिदान को स्मरण कराया। सुनील शर्मा नील ने अपने वीर रस की कविताओं के माध्यम से सभी को देश के लिए जीने की प्रेरणा दी। ढाल सिंह ने अपनी कविता से सबका मन मोह लिया। विनोद शर्मा ने अपने गीतों से समां को खुशनुमा बना दिया।कमल किशोर शर्मा कवि ने अपनी ग़ज़लों और मुक्तक के माध्यम से सभी का हृदय जीत लिया उन्होंने कहा कि लाख करो कोशिश दिन सुहाने नहीं आते। लौट कर फिर बचपन के जमाने नहीं आते ।कवि सम्मेलन देर रात तक चला ,कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में घनश्याम केडिया, शिव केडिया,नारायण केडिया ,प्रमोद सिंघानिया ,पवन अग्रवाल, पवन मुरारका ,सुधीर सिंघानिया, धनराज सोनी, मनीष राजपूत,अभिषेक बिंदल ,राजेंद्र बिंदल ,एवं अंचल के प्रबुद्ध नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में मां भारती सेवा समिति के सदस्यों ने नगर वासियों के लिए हर पर्व पर नए नए कार्यक्रम कराने का संकल्प भी लिया

## नगर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, जगन्नाथ मंदिर अन्य वार्डो में बहुत ही श्रद्धा भक्ति, धार्मिक उत्साह के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्य₹ मों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर क्षेत्र वासियों को रात्रि में 12: 00 बजे के बाद भगवान श्री कृष्ण की आराधना के बाद उपवास खोला। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह रंगीन झालरों और रोशनी से पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर रहा। राधा कृष्ण जमात मंदिर में रात्रि द्वारा देर रात तक मंदिर में भजन, कीर्तन और महंत बसंत दास के द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया। पूरे नगर में



वातावरण भक्ति मय और उल्लास पूर्ण रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार के सुख समृद्धि और नगर के खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को आस्था और आनंद के साथ मनाते हुए, भक्ति की अद्भुत छटा बिखेरी। दूसरे दिन भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।





## विधायक भावना बोहरा ने छठ पूजा की

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** समीप ग्राम बाजार चारभाटा में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोहरा के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में छठ पर्व में श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की गईं। मंदिर के पुजारी युगल दुबे ने बताया छठ पूजा पर लोग भगवान सूर्य की पूजा करते हैं, ऐसी मान्यता है कि इस व्रत का पालन करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है। इसके अलावा संतान के सुखद भविष्य के लिए भी इस व्रत को रखा जाता है ,कहते हैं छठ पर्व का व्रत रखने से संतानों की प्राप्ति



होती है ,इसके अतिरिक्त मनोकामना की पूर्ति के लिए छठ माई का व्रत रखा जाता है।इस अवसर भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलायें उपस्थित थी।

## नगर में दही हंडी लूट का आयोजन



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** थान खम्हरिया नगर में दही हंडी प्रतियोगिता बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। नगर में यादव समाज व सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों द्वारा भगवान कृष्ण राधा की झांकी के साथ नगर भ्रमण किया गया। भाटापारा चौक, शीतला मंदिर चौक, गुढ़ियारी व्यापारी संघ अमित ट्रेडर्स, लक्ष्मी वस्त्रालय, एस. एस. ज्वैलर्स व अन्य जगहों में भगवान कृष्ण का पूजन कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चे राधा, कृष्ण के वेशभूषा में थे। प्राचार्य लखन साहू ने भगवान कृष्ण के बाल लीला के बारे में जानकारी दिया। आगे आपने बताया, विद्यालय में हर साल अपने सनातन धर्म की परंपरा को जागृत रखने के लिए इस तरह का आयोजन करते हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को याद रहे। इस दौरान भक्ति, डीजे की धुन पर जमकर थीरकते नजर आए।



रात करीब 10:00 बजे हंडी फोड़ने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिव समिति भाटापारा वार्ड वासी के प्रयास से दही हंडी महोत्सव विगत कई सालों से किया जा रहा है। नगर व ग्रामीण अंचल से दही हंडी में शामिल हुए, सैकड़ो श्रद्धालु कार्यकर्ता उपस्थित रहे। और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में योगदान दिया।

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

## जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 24 आवेदन प्राप्त हुए

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 24 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम मही-दही के समस्त ग्रामवासी ने वार्ड नं. 03 में बोर खनन स्वीकृति देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम मुनरबोड़ निवासी रामकुमार पाल ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम खाम्ही के सरपंच सुनिता साहू ने अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण मद/मुख्यमंत्री समग्र विकास मद से सी.सी. रोड स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेरला के ग्राम चेटुआ निवासी पूर्व सरपंच विद्या चतुर्वेदी ने पुराना देयक राशि भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंड़ावी, एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दशहरा मैदान चाकू बाजी प्रकरण में दो पकड़े गये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दशहरा मैदान रावनभाटा में विगत दिनो मनोज ध्रुव एवं अन्य आरोपियो द्वारा पुरानी लड़ाई झगड़ा की बात को आपसी बातचीत से सुलझाने के लिए रावनभाटा मैदान में बुलाया गया था । लेकिन बातचीत के लिए गये लव सिंग यादव एवं उनके कुछ साथी जब वहा पहुचे तब मनोज ध्रुव व उनके साथ रहे बहुत से अन्य लोगो ने मैदान का चारो तरफ का दरवाजा बंद कर व घेर कर चाकू बेल्ट पत्थर कड़ा तथा अन्य घातक धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें गौतम यादव को घेर कर इस बुरी कदर घातक हथियार से चोट पहुचाया गया कि वह अभी भी गहन चिकित्सा कक्ष में एमस रायपुर में डॉक्टरो की देखरेख में है । लवसिंग की रिपोर्ट पर पुलिस ने उक्त मामले में धारा 109 ,61/02/ , 296 , 351 /2/ , 115/2/,190,191/2/,/3/ भारतीय न्याय सहिता एवं 25, 27 आम्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध किया है । जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुलिस टीम ने उक्त प्रकरण में शामिल 06 अपचारी बालक सहित कुल 08 लोगो को अभी तक पकड़ा है । पुलिस की पूछताछ के दौरान पकड़े गये लोगो ने चाकू एवं अन्य धारदार हथियारो के साथ जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट कर गौतम यादव लवसिंग यादव एवं जनक साहू को चोट पहुचाना स्वीकार किया है पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बेल्ट भी बरामद किया है । उक्त वारदात मे 06 अपचारी बालक नफ र तथा मनोज ध्रुव नयापारा वार्ड एवं समीर चौहान शक्तिवार्ड को गिरफ तार कर लिया है । उक्ताशय की जानकारी पुलिस सूत्रो ने दी है ।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने



**भाटापारा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ ने अपनी 12 सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन अधिकारियो को सौपा उक्त अवसर पर अध्यक्ष सतरूपा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# पौधारोपण किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड में रक्षाबंधन दिवस पर गायत्री मंदिर के समीप कोनो कॉर्पस के पांच पौधे सामूहिक रूप से रोपण किया गया । युवा वरिष्ठ किसान नौकरीपेशा मजदूर वर्ग एवं गांव से अन्यत्र कार्यरत व्यक्तियों के द्वारा बनाए गए रचनात्मक कार्य जैसे स्वच्छता अभियान पर्यावरण के दृष्टि से पौधारोपण एवं उसके संरक्षण शिक्षकीय कार्य जरूरतमंद बच्चों को ट्यूशन क्लास जैसे कई कार्य को मिल जुलकर करने उद्देश्य से किया गया जिससे गांव के विकास में समय पर सहयोग प्रदान कर सके । पर्यावरण पर काम कर वातावरण में शुद्ध वायु भरपूर ऑक्सीजन प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके वृहत स्तर पर सराहनीय कार्य की शुरुआत कुछ वर्षों से निरंतर जारी है। राष्ट्रीय पर्व स्थानीय त्योहारों में भी पौधारोपण किया जाता है । रक्षाबंधन दिवस पर गायत्री मंदिर समीप कोनो कॉर्पस के पांच पौधे सामूहिक रूप से रोपण किया गया । उक्त अवसर पर गोविंद वर्मा गंगाप्रसाद वर्मा सुरेश कुमार वर्मा प्रवीण कुमार वर्मा रामकुमार वर्मा लक्ष्मण कुमार वर्मा मनोहर साहू मनीष वर्मा लखन लाल वर्मा सालिक राम वर्मा, दिलीप वर्मा मुकेश वर्मा,धनंजय वर्मा एवं रूप सदस्य उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर दावनबोड में रैली व परम्परागत लोक नृत्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विश्व आदिवासी दिवस ग्राम दावनबोड में भव्य रैली निकालकर गांव के चारों दिशा में नृत्य किया गया । अपने परंपरागत लोक नृत्य कला संस्कृति का रंगमंच के माध्यम से प्रदर्शन किया गया । आदिवासी समुदाय के बारे में उपस्थित अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया गया मंच संचालक विष्णु प्रसाद ध्रुव द्वारा अतिथियों का सम्मान कराया गया । जय सेवा का नारा लगाया गया गांव के सियान ने आदिवासी एकता एकजुटता पर सराहनीय बात कही मंच के माध्यम से आने वाले वर्ष में शहीद वीर नारायण की भव्य प्रतिमा का स्थापना की बात हुई उक्त अवसर पर दीप्ती गोविंद वर्मा जिला पंचायत सभापति ,सीता शशि कांत ध्रुव जनपद सदस्य, सभापति सरपंच श्रीमती कौशल्या तुरकिया, सोहनलाल वर्मा , विष्णु प्रसाद ध्रुव, रोमनाथ ध्रुव ,धनऊ ध्रुव ,जनक ध्रुव ,लालू ध्रुव ,सुरेश कुमार वर्मा , लक्ष्मण कुमार वर्मा ,उपसरपंच रेंगाबोड़ रितु सानिया ,हीरा ,पोषण, प्रकाश ध्रुव ,भूपेश ध्रुव, विष्णु ध्रुव ,घासी राम ध्रुव ,तानिया ध्रुव ,अंजलि ध्रुव ,अंचल ध्रुव,अमृतलाल ध्रुव , नोहर सिंह नेताम, अनामिका ध्रुव ,तेजबली कोटवार समस्त आदिवासी समाज दावनबोड एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कमरछट पूजा पसहर चावल का भाव 180 रूपये प्रति किलो पहुंचा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्व कमरछट को लेकर शहर का बाजार एक बार फि र ग्राहकी से गुलजार है । 14 अगस्त गुरूवार को महिलाये अपनी पुत्र पुत्रियो की खुशहाली व स्वस्थ्य जीवन के लिय उपवास रखती है। कमरछट के त्यौहार में उपयोग में आने वाली तमाम सामाग्रीयो के भाव मंहगे दाम पर बिकते रहे जिसमे पसहर चावल जोकि बिना हल चलाये हुये रहता है । वह खुले बाजार में 180 रूपये प्रति किलो के दर पर बिका वही काशी के फूल महुआ पत्तल लाई दोना दूध दही घी सभी ज़ैस के सामाग्री के साथ साथ अन्य सामान भी उची दरो पर धड़ल्ले से बेचे गये उपरोक्त सभी सामाग्री को उपवासी महिलाये शिवशंकर को पूजा कर अर्पित करती है ऐसी मान्यता है कि भगवान कृष्ण के बड़ें भाई बलराम का जन्म हलषष्ठी के दिन हुआ था।



वही कमरछट में मंदिर परसिर तथा घर के आंगन में मिटटी खोदकर सगरी बना उसे फूल पत्ती से सजाकर शिवशंकर परिवार की स्थापना विधि विधान से की जायेगी । इस दिन बैगर हल जोते हुये पसहर चावल व छै प्रकार की अलग अलग भाजी का सेवन महिलाये करती है । वही सि र्फ ज़ैस के दूध दही घी का सेवन किया जाता है सगरी में 6 बार पानी 6 लाई के दाने 6 चूकिया मिटटी के बनाये घडें 6 प्रकार के कपड़े विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुये चढाये जाते है। पूजा मे चना, जौ, गेहू:, धान , अरहर , मूग, मक्का चढांने के पश्चात भुने हुयें चना तथा जौ की बालिया चढाई जायेंगी वही कमरछट पूजा के बाद भगोने में बनाये गये पसहर चावल को खम्हार की लकड़ी के चम्मच में लिया जाता है । इस दिन स्टील व अन्य चम्मचो के प्रयोग वर्जित रहते है कुत्ते बिल्ली चीटि ज़ैस गाय व पक्षी के लिये पत्तो में ज़ोजन परोसा जाता है ।

# तिरंगे के रंग में रंगा भाटापारा भव्य तिरंगा यात्रा से गूंजा राष्ट्रप्रेम

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर भ्रमण करते हुये जयस्तंभ चौक में संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों की गूंज, तिरंगे की शान और जन-जन के उत्साह ने वातावरण को गौरवपूर्ण बना दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सभी पार्षदगण एवं नगर के सम्मानित नागरिकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीरों के बलिदान की याद दिलाती है, जिन्होंने अपना सर्वस्व देश के लिए न्यौछावर किया। तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश देती है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी अस्मिता, एकता और बलिदान का अमर प्रतीक है। हर घर पर तिरंगा फहराकर हम आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दे सकते हैं। यात्रा के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत घरों एवं वीर सैनिकों के सम्मानार्थ नगर की दुकानों में झंडा वितरण कर लगाने की विशेष पहल की गई जिसे नगरवासियों ने बड़े उत्साह के साथ अपनाया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक बलौदा बाजार प्रमोद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया,जिला महामंत्री राकेश तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य अविनाश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर, सभापति मनीष मिश्रा, कुंजराम कोशले, गोविंद पटेल, नगर पालिका अधिकारी जफर खान, पार्षद नंदू वैष्णव, सतीश साहू, प्रतीश राठौर, श्रेणिक गोलछा, भुवन सिंह ठाकुर, बब्बू मन्धन, उमाशंकर वर्मा, मोंटू ध्रुव, बंटी टंडन, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, दशरथ साहू, देवेंद्र साहू, लिकेश साहू, राजेश साहू, गोवर्धन डहरिया, शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर, मनीष पंजवानी, गोकुल फाउंडेशन अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अमित सिंह, देवेश पांडे, व्यास यदु, सुरेंद्र दागोर, पीयूष साहू, महाबल बघेल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनेन्दर सिंह गुंबर, लालू मानिकपुरी, हारून खान, जयसंत, संजय शुक्ला, महिला मोर्चा नीरा साहू, आयशा खान, अंजनी जायसवाल, शकुन ध्रुव, रागिनी डौंडे सहित नागरिकगण उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दावनबोड पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों ने बच्चों को बांटी सामाग्री

**भाटापारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दावनबोड़ में पदस्थ शिक्षक सुरेश कुमार वर्मा,भुनेश्वर कुमार ध्रुव,और राजू बंजारे ने पिछले दो वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चों को जूते और मोजे,टाई बेल्ट वितरण किए। बच्चो को वितरण गांव के सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संस्था प्रमुख के हाथो से संपन्न हुआ । कार्यक्र म में जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविंद वर्मा, सरपंच श्रीमती कौशिल्या तुरकिया, उप सरपंच गंगा प्रसाद वर्मा,पंच धनेश्वर निषाद लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रधानपाठक पुत्तीलाल भारती , कमलकांत मिश्रा, युवराज वर्मा, भुनेश्वर कोसले एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### दरचुरा से दावनबोड़ तक निकला हर घर पर तिरंगा अभियान

भाटापारा। स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहरायें अभियान के तहत राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ दरचुरा गांव से दावनबोड तक क्षेत्रवासियों ने तिरंगा यात्राा निकाली भारत माता की जय का जयकारा लगाते बाइक रैली गांव दावनबोड तक निकाली गयी । मंडल अध्यक्ष कौशलपुर नारायण साहू के नेतृत्व में जिला पंचायत सभापति दीप्ती गोविंद वर्मा एवं शशि आनंद बंजारे जिला पंचायत सभापति ,मंडल अध्यक्ष सिमगा गोपाल शुक्ला , जनपद उपाध्यक्ष हेमसिंह चौहान ,मनराखन यदू, लुकेश साहू, अजय वर्मा ,लक्ष्मण वर्मा , दिलीप वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा तथा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्तागण मिलकर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए।



# युवाओं के सहयोग से विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा - किरण सिंह देव

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल टिकरिया की उपस्थिति में मोर्चा की प्रथम बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में रखी गई। बैठक में पूरे रायपुर संभाग के रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाज़ार-भाटापारा और महासमुंद से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिया सहित युवा मोर्चा की रायपुर संभाग की बैठक में उपस्थित सभी छः ज़िले से बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने संघ के कार्यक्रमों की जानकारी व ज़मीनी स्तर पर सुचारू रूप से करने के लिए मार्गदर्शन दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आज की राजनीति में युवा मोर्चा की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज भाजपा में जितने भी वरिष्ठ हैं, सब भाजयुमो से ही निकले हैं और आज भी भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य




कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा को संगठन के कार्य के साथ ही साथ सरकार के उपलब्धियों को भी जनता के बीच ले कर के जाना है। आज हमारी राष्ट्रीय, प्रदेश, निगम, पंचायत सभी जगह सरकार है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से सब हुआ है। हम सबको संयम शांत रहकर कार्य करना है। हमारी सरकार की उपलब्धि जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सहयोग से विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने नवीन भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिया व प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, नवीन मार्कण्डेय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर युवा मोर्चा को अपने-अपने स्तर पर संघ के बातें एवं कार्य व संघ के संघर्ष की जानकारी जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने संघ के पाँच विषय पर्यावरण, सामाजिक समरसता, शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और स्वदेशी के विषय में बताया और कहा कि संघ के इन पाँच विषयों को जनता के बीच कार्यकर्ता को पहुँचाना है और लोगों को इससे जोड़ना है।

# अखंड रामनाम सप्ताह समारोह का समापन

## जुलूस व शोभायात्रा लगभग 1 लाख लोग भाग लेंगे व्यवस्था बनाये रखने के लिए रायपुर धमतरी से बल पहुंचा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर का प्रसिद्ध व ऐतिहासिक महोत्सव अखंड राम नाम सप्ताह का 87 वां वार्षिक समारोह का समापन रविवार को प्रातः पूर्ण विधि विधान से हवन पूजन व पूर्ण आहुति के बाद दोपहर भव्य शोभा यात्रा निकलेगी इसके पहले प्रारंभ दिवस से हीं बड़ी तादाद मे शहर के विभिन्न वार्डो की भजन कीर्तन टोलियों द्वारा अखण्ड राम नाम का जप शुरू हो गया दो दो घंटे के अंतराल मे बारह टोलियों द्वारा जय रघुपति राघव राजा राम जय पतित पावन सीता राम गायन करते हुये वाद्ययंत्रो के साथ मंडप स्थल पर परिक्रमा किया जो 24 घंटे सात दिन तक अनवरत जारी रहा दोपहर बाद भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा अखंण्ड राम नाम सप्ताह मंडप से निकलेगी। उक्त शोभायात्रा मे रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बेमेतरा, मुंगेली, महासमुंद, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ सहित अन्य जिलो के दूर दराज के गांव से भजन कीर्तन मंडलियों के लोग पहुंचते है जो रथ के आगे आगे संपूर्ण मार्ग मे भ्रमण पश्चात दूसरे दिन अल सुबह वापस मंडप स्थल पर



पहुंचते है। उक्त आयोजन मे शोभायात्रा के दौरान भाटापारा शहर सहित आस पास के लगभग 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन भाटापारा मे होता है इस दौरान भव्य शोभायात्रा मे भारी भीड को देखते हुये भाटापारा,के अलावा रायपुर धमतरी से भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात कर व्यवस्था को नियंत्रित किया जायेगा चूंकि इस बार अच्छी वर्षा के चलते खेती किसानी का कार्य समय पर निपट रहा है इसलिये अनुमान है कि इस वर्ष भी आगामी 17 अगस्त रविवार को रामनाम सप्ताह समारोह के भव्य शोभायात्रा जुलूस मे एक लाख से अधिक लोग उपस्थित रहेंगे उस लिहाज से चाक चौबंद व्यवस्था किये जाने के लिये प्रशासन ने तैयारी कर रखी है। रविवार को शोभायात्रा में व्यवस्था बनाये रखे एक एडिशनल एसपी के अलावा चार डीएसपी तथा सौ पुलिस कर्मियो का अतिरिक्त बल तैनात किया गया है । उक्त कार्यक्रम में नगर निरीक्षक शंशाक सिंग लखेश कें वट के अलावा एसडीओ पुलिस तारेश साहू एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार अनवरत पुरी व्यवस्था पर पैनी नजर रखेगे।

# अशिक्षा, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से भी आजादी दिलानी होगी- इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक एवं दानवीर भामाशाह चौक में विधायक इन्द्र साव ने ध्वाजारोहण करते हुए उपस्थित लोगों को आजादी की 79 वी वर्षगांठ की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात ध्वजारोहण किए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की राष्ट्र के तिरंगे की छत्रछाया में देश के लिए, देशवासियों के लिए जो सपने बुने तथा स्वाधीनता के महान संग्राम को जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान की ज्योति से प्रकाशमान किया,ऐसे महान अनगिनत शहीदों एवं महान विभूतियों को नमन करता हूँ उन्होंने आगे कहा कि आज स्वाधीनता दिवस के इस पावन अवसर पर हम उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा एवं गर्व से स्मरण करते है उन्होंने



गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से भी आजादी दिलाने का आह्वान किया। इसके पूर्व विधायक श्री साव का मंच पर पहुंचने पर एस डी एम अभिषेक गुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय तिवारी एवं दुर्गेश तिवारी ने किया। समारोह को सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, राजकुमार शर्मा, गौरी भृगु, मोहन केशरवानी, अशोक ध्रुव, गेंदू साहू, ठाकुर राम साहू, अजय ठाकुर, रामकुमार साहू, संतोष अग्रवाल, दिवाकर मिश्रा,नितिन शुक्ला, टेकसिंह ध्रुव, संतोष सोनी, सत्यजीत शेंडे, मुकेश हेंवार, मुकेश साहू, रोहित साहू, किशन जांगड़े, मोहन निषाद, मनमोहन कुर्रे, संजय टंडन, शचीन्द्र शर्मा, किरित वर्मा, मदन ठाकुर, देवनारायण बांधे, वैभव केशरवानी, नरेश चौबे, सत्तू जोशी, शरीफ खान, प्रमिला साहू, हिरमत साहू, प्रेम साहू, जीत साव, दानीभाट, सतरूपा वर्मा, पूर्णिमा श्रीवास, सरस्वती साहू, आशा ध्रुव, लक्ष्मी पाण्डेय, निमर्ला कोसले, डोमार सेन, उमाशंकर गुप्ता, ईश्वर सेन, सहित कार्यक्र म के आयोजक अनुविभागीय अधिकारी एवं सभी विभाग के अधिकारी कमर्चारी, विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शासकीय गजानन्द अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन




**भाटापारा।** शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने की। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. आनंद कुमार मिंज ने कहा कि मानव जीवन में नशा एक अभिशाप की तरह फैलता है और जीवन नष्ट कर देता है। आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.शशि किरण कुजूर ने नशा को जीवन सम्बन्धों में विष घोलने वाला कहा और नशे से दूर रहने की अपील की। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत निबन्ध, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढकर सहभागिता की। कार्यक्र म में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त रहने की शपथ ली एवं समाज को जागरूक करने का प्रण लिया। कार्यक्रम में समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री इन्द्राणी मरकाम ने किया।

# मिनीमाता के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सतनामी समाज के द्वारा मिनी माता धर्म स्थल संत रविदास वार्ड भाटापारा में ममता मयी मिनी माता की 53वी महापरिनिर्वाण दिवस को संत समाज की उपस्थिति में रखा गया। जिसमें ममता मयी मिनी माता के जीवन संघर्षों, समाज के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्य को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मिनी माता को छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त है। माता जी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की प्रथम स्वप्न दृष्टा थी। लोकसभा में माता द्वारा अस्पृश्यता निवारण , महिला सशक्तिकरण, छात्रावास निर्माण कार्य जैसे बिल को पास करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बागों बांध जो



छत्तीसगढ़ राज्य के बड़े बांध हैं,जो माता के नाम से जाना जाता हैं। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्माण में माता जी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके जीवन संघर्षों को याद कर उससे प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान और प्रदेश की समृद्धि का सपना लिया गया था, उसे पूरा करने का संकल्प के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनकी जयंती मार्च महीने में होता है उसे सतनामी समाज भाटापारा विकासखण्ड में मनाने का निर्णय लिया गया तथा इस अवसर पर विकासखण्ड के प्रत्येक गांव की एक सक्रिय महिला जो सामाजिक कार्य में अहम भूमिका निभा रही हैं।उसे सम्मानित करने का निर्णय समाज के उपस्थित महानुभावों के द्वारा किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में ब्लाक उपाध्यक्ष श्री एम डी लहरें,श्री गणेश राम टंडन पार्षद गण श्री गोवर्धन डहरिया,श्री कुंजराम कोशले, लक्ष्मीनारायण टंडन, तथा युवा साथी श्री आजाद सिंह कौशल, विजय सोनवानी,माखन महिलांग लक्ष्मण टंडन, रोशन बंजारे, सुखचंद कुर्रे, आनंद मिरी,एड सतीश मनहरे,धरम टंडन, हीरामन लहरें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन, एवं आज़ार समाज के सचिव टेकराम मिरी के द्वारा किया गया।

# आदिवासी समाज पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षक समाज - इन्द्र साव




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आदिवासी समाज अपने देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने वाला समाज है।आज के इस खास दिन को संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देशों के लोग मनाते है लेकिन बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राज्य में इस बार सरकार कोई भी आयोजन नहीं कर पाई जबकि कांग्रेस शासन में भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य में छुट्टी की घोषणा भी कर दी थी उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने सेम्हराडीह मे विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए कही। विधायक इंद्र साव ने कहा कि ये समाज अपनी प्राचीन परंपराओं को सहेज कर रखने वाला सीधा साधा समाज है। भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और भगवान बूढ़ादेव की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धिया रही है। इस समाज के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है।आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है तो इसका पूरा श्रेय आदिवासी समाज को जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी अब ये समाज काफी आगे बढ़ रहा है श्री साव ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा समाज के हितों में की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि श्री बघेल ने आदिवासियो के हित मे कई जनकल्याण कारी कार्य किये है।

# अगापे ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चो को सामाग्री प्रदाय की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अगापे ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश के अध्यक्ष ए. देवदास, उपाध्यक्ष सवर्जीत मसीह, सचिव ऐली मसीह, उपसचिव दीनबंधु बाग, कोषाध्यक्ष दीपक रंजन एवं समिति के सभी सम्मानित सदस्यगण के संयुक्त प्रयास से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग वितरित किए गये। जिससे उनके शिक्षा के अधिकार को सुदृढ़ किया जा सके और अध्ययन को और अधिक सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति वार्ड के पार्षद प्रतेश राठौर उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए प्रेरित किया। इस पहल के माध्यम से अगापे ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने यह संदेश दिया कि जैसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया उसी प्रकार हमें भी शिक्षा की मशाल जलाकर आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनाना है। संस्था पूर्व में भी समाज कल्याण और शिक्षा उन्नयन से संबंधित अनेक कार्य करती रही है और यह सेवा कार्य भविष्य में भी सतत रूप से जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत



**भाटापारा।** गतरात्रि निपनिया रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर द्वारा सूचित किया गया कि एक अज्ञात मृतक पुरुष उम्र लगभग 30-35 वर्ष की रन ओवर हो गया है। उपरोक्त सूचना पर जी आर पी चौकी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। वही अज्ञात मृतक पुरुष के अभी तक वारिसान का पता नहीं चला है जी आर पी ने उक्त मृतक के संबंध में लोगो से जानकारी व शिनाख्ती की अपील की है।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 'कर्तव्य-3.0' समारोह का भव्य आयोजन, विद्यार्थी परिषद् का हुआ गठन



**भाटापारा।** खमरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थी परिषद् का विधिवत गठन किया गया। जिसमें ओम विश्नोई को शाला नायक और अदिति साव को शाला नायिका के रूप में नामित किया गया। इसके अतिरिक्त, सिमरन शर्मा ने वैल्यू एजुकेशन एम्बेसडर, ख्याति साहू ने डिप्टी हेड गर्ल और मन्नत मंधान ने लैंग्वेज प्रीफेक्ट जैसे महत्वपूर्ण पदों की शपथ ग्रहण की। उक्त कार्यक्र म में अश्वनी शर्मा, अश्नी शर्मा, संदीप गोयल, योगेश पोपट, राहुल भटालिया, पवन केशवानी, श्याम बहादुर उपस्थित थे।

### चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता

**भाटापारा।** गौरा बाई बाल मंदिर स्थित चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक में दिव्यांश यादव, भानु देवांगन बालिका में अदिति कुर्रे ने मटकी फोड़ कर बाजी मारीऔर प्रशिक्षक में ऋषभ सिंह चौहान, महेश राजपूत ने दही हांडी मटकी फोड़ी। प्रशिक्षकगण महेश राजपूत, भानु देवांगन, मोहन वर्मा, प्रवीण मोहल्ले, गुलाबचंद साहू, रिचा यादव, नीलम साहू, अदिति कुर्रे, डागेश्वर फेकर एवं अकेडमी के सारे बच्चो द्वारा दही हांडी लूट का आयोजन पूर्ण किया गया।



# पंचम दीवान कन्या शाला में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद हिंदी कन्या पंचम दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्राओं के द्वारा 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। 15 अगस्त के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सभापति कुंजराम कोसले अध्यक्ष द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में विधि कॉलेज शाला समिति के अध्यक्ष पार्षद श्री लक्ष्मीकांत टंडन उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव ने बच्चों को उद्बोधन में कहा कि हमेशा बुराइयों से दूर रहे पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करें और जीवन में सहनशील रहे। कार्यक्रम में शाला समिति के सदस्य गोपी ध्रुव, तनवीर शाह, ब्रिज जांगड़े, श्रीमती मीना सोनी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती खुशबू ठाकुर ने किया आभार व्यक्त संस्था के व्याख्याता मनीष देवांगन ने किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी व्याख्याता नारायण निर्मलकर, एस एल वर्मा, श्रीमती सरिता सिंह मंजू वर्मा जेठू राम, श्रीमती भारती कोश,दीपाली सिंघानिया कल्याणी गुंटू,श्रीमती शकुंतला साहू आदि उपस्थित थे।

प्रदेश के 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट, रायगढ़ बना उत्पादन शुरू करने वाला पहला जिला

# महिलाओं की तरक्कीऔर बच्चों का स्वास्थ्य, दोनों को नया आयाम देगा 'रेडी-टू-ईट' - मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री श्री साय ने 10 महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपे थे अनुबंध पत्र






**रायपुर** / मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देते हुए महिला स्व-सहायता समूहों को पूरक पोषण आहार "रेडी-टू-ईट" निर्माण का कार्य पुन: सौंपा है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत रायगढ़ जिले से हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ की 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र प्रदान किए थे। इसके बाद मशीन इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से किया गया और अब रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत कोतरलिया से "रेडी-टू-ईट" उत्पादन का शुभारंभ हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देशभर में 3 करोड़ "लखपति दीदी" बनाने का लक्ष्य रखा गया है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेज गति से कार्य कर रहा है। रायगढ़ इस अभियान में अग्रणी जिला बना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने ग्राम कोतरलिया में रेडी-टू-ईट" निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मशीन चलाकर निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और महिलाओं को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ से प्रारंभ हुई यह पहल शीघ्र ही प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी और यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में कुल 2709 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन सभी केंद्रों के लिए 10 महिला स्व-सहायता समूहों का चयन किया गया है। इन समूहों को प्रधानमंत्री फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज़ (PMFME) योजना के अंतर्गत पूंजीगत सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। रायगढ़ जिले की परियोजनाओं—रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू के अंतर्गत चयनित समूह जल्द ही "रेडी-टू-ईट" उत्पादन प्रारंभ करेंगे। फिलहाल इसकी शुरुआत कोतरलिया से हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के इस मिशन को प्रथम चरण में प्रदेश के 6 जिलों—बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। वहीं रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां महिला समूहों ने "रेडी-टू-ईट" उत्पादन प्रारंभ किया है। यह पहल महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्य—दोनों को नई दिशा प्रदान करेगी।

एम्स रायपुर में ईएनटी रोग विशेषज्ञों के सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल

## बीमारियों के उपचार में नई तकनीकों की अहम भूमिका- राज्यपाल

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ-साथ बीमारियां भी बढ़ी हैं और जीवन शैली ने स्वास्थ्य पर गहरा असर डाला है। बीमारियों का पता लगाने एवं उनके उपचार में एआई, रोबोटिक सर्जरी एवं अन्य नई तकनीकों की भूमिका आज बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। राज्यपाल डेका एम्स रायपुर में आयोजित नाक, कान गला (ईएनटी) रोग विशेषज्ञों के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



राज्यपाल ने कहा कि 15 अगस्त से प्रारंभ यह तीन दिवसीय सम्मेलन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भारत के स्वतंत्रता दिवस हमारे अपार राष्ट्रीय गौरव के दिन से शुरू हुआ है। हम स्वतंत्रता और प्रगति के 79 वर्षों का उत्सव मना रहे है। यह सम्मेलन नाक, कान, गला रोग के क्षेत्र के बेहतरीन ज्ञान साझा करने और स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी शोध को आगे बढ़ाने का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि ईएनटी कई ऐसे गंभीर मुद्दों से जुड़ा है, जिनमें सिर, गले के कैंसर प्रमुख हैं। दुर्भाग्य से, छत्तीसगढ़ में तंबाकू सेवन की आदतें व्यापक हैं। जिसके कारण ऐसे मामलों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए समाज और विशेषज्ञों से मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। सम्मेलन में एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

# वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने अग्रसर हो रहा छत्तीसगढ़

### जापान के ओसाका वर्ल्ड एक्सपो का सीएम साय को मिला आमंत्रण





**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ अब वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। जापान के ओसाका में 13 अप्रैल से 13 अक्टूबर 2025 तक होने वाले वर्ल्ड एक्सपो 2025 में प्रदेश अपनी सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति का प्रदर्शन करेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विशेष आमंत्रण मिला है। एक्सपो का मुख्य विषय डिज़ाइनिंग फ्यूचर सोसाइटी फार अवर लाइव्स रखा गया है, जबकि इसके उप-विषय हैं-सेविंग लाइव्स, एम्पावरिंग लाइव्स और कनेक्टिंग लाइव्स। मुख्यमंत्री ने कहा, इस भागीदारी से न सिर्फ छत्तीसगढ़ की संस्कृति और तकनीकी प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी, बल्कि राज्य को एक निवेश-अनुकूल केंद्र के रूप में भी मजबूती से स्थापित किया जाएगा। ओसाका एक्सपो को नवाचार और सतत विकास पर वैश्विक संवाद का प्रमुख मंच माना जाता है। इस बार इसमें 160 से अधिक देश और नौ अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हो रहे हैं। भारत का पैवेलियन भारत मंडप होगा, जहां योग, भरतनाट्यम, बालीवुड फिल्मों की स्क्रीनिंग और चंद्रयान ज़ोन जैसे आकर्षण होंगे।

**छत्तीसगढ़ धरोहर के साथ इस्पात उद्योग करेगा प्रस्तुत**

छत्तीसगढ़ पहले ही अपनी ढोकरा कला से विदेशी दर्शकों का मन मोह चुका है। ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) पहल के तहत इस कला को विशेष पहचान मिली है। अब प्रदेश ओसाका के युमेशिमा आइलैंड स्थित विशाल एक्सपो स्थल पर अपना स्टॉल लगाएगा। यहां छत्तीसगढ़ अपनी धरोहर के साथ इस्पात उद्योग और आधुनिक विकास को भी प्रस्तुत करेगा।

**विश्व औद्योगिक मानचित्र पर आएगा छत्तीसगढ़- सीएम**

मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह अवसर छत्तीसगढ़ को विश्व औद्योगिक मानचित्र पर एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। सूत्रों के अनुसार वे 21 अगस्त से 10 दिनों के दौरे पर जापान और दक्षिण कोरिया रवाना होंगे। दौरे में उनके साथ मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और उद्योग सचिव रजत कुमार भी रहेंगे। जापान प्रवास के दौरान सीएम का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा, जिसमें वे उद्योगपतियों, निवेशकों और इंफ्र स्ट्रक्चर क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से मुलाकात करेंगे।

# बरसात के बावजूद उंचे दर पर बिक रहा है भाटापारा मंडी में धान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा मंडी मे सोमवार को बरसाती मौसम के बावजूद रिकार्ड तोड़ धान की बंपर आवक हुई सोमवार को 20 हजार से अधिक बोरे धान की आवक होने से संपूर्ण मंडी प्रांगण धान बोरो से लबालब भरा रहा मंडी मे रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ व महासमुंद सहित अन्य स्थानो के दूरस्थ गांवो से कृषक व उनके प्रतिनिधि धान बेचने पहुंचे इस दौरान यहां पर कृषि उपज विक्रेताओं को उनकी उपज का भरपूर दाम भी प्राप्त हुआ फ लस्वरूप वे प्रसन्नचित मुद्रा मे अपने गांव की ओर लौटे सोमवार को मंडी मे विष्णु भोग ईनेम धान सर्वाधिक 9612 रूपये प्रति किवटल के उच्चतम भाव में बिका इसी तरह श्रीरामई नेम धान 3101 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया, एचएमटी ई नेम धान 2601 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका, महामाया ई नेम धान 2351 रूपये के रिकार्ड उच्च दर पर बिकने से किसान गदगद हो गये इसी प्रकार मोटा मिक्स व सरना धान का भी अच्छा रेट किसानो को मिला, गेहूं ई नेम मंडी प्रांगण मे 2560 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, वही सामान्य गेहू 2558 रूपया के दर पर बेंचा गया धनिया 7599 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं चना 7000 एवं तिवरा 4745 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया। मंडी प्रांगण मे राहर 5970 रूपये प्रति क्विंटल के रिकार्ड उच्च दर पर बिका, वहीं बटरी 3717 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेंचा गया मंडी प्रांगण में अपनी उपज का अच्छा भाव मिलने से किसान प्रसन्नचित मुद्रा मे नजर आये कुल मिलाकर भरी बरसात मे भी भाटापारा मंडी मे रिकार्ड तोड़ धान की आवक का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

*लंबित राजस्व मामलों पर मुख्यमंत्री सख्त, राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य*

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ली सभी जिलों के कलेक्टर्स की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नया रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर्स की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी जिलों में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



राज्य में बढ़ते लंबित राजस्व प्रकरणों पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सख्त रुख अपनाते हुए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब पेशी पर पेशी का दौर खत्म हो— सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर ही किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवार समीक्षा करते हुए नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरुस्ती, त्रुटि सुधार, भू-अर्जन, सीमांकन, और डायवर्सन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।



### हितग्राहियों को नहीं हो अनावश्यक परेशानी

मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि बार-बार पेशी पर बुलाने से जनता को न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उनका समय और श्रम भी व्यर्थ जाता है। इससे सरकारी सिस्टम के प्रति लोगों का भरोसा भी कम होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पेशियों में कमी लाएं और प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

### ई-कोर्ट में दर्ज हों सभी मामले

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों को ई-कोर्ट में दर्ज किया जाए, जिससे उनकी मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग आसान हो सके। साथ ही रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और त्रुटि सुधार के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। तहसील स्तर पर पटवारियों के माध्यम से एक विशेष अभियान चलाकर रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों की परियोजनाओं पर खास जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों और भारतमाला परियोजना की तीव्र और निर्बाध गति के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया जरूरी है।उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें।

### बस्तर संभाग को सुरक्षा के साथ विकास कार्यों को तेज करने के निर्देश

बस्तर संभाग के नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में सड़क, रेल और मोबाइल टॉवर जैसी परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन और मुआवजा वितरण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### सख्ती के साथ सुधार की पहल

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार अब राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। एक जिम्मेदार शासन प्रणाली का निर्माण तभी संभव है जब जनता के साथ न्याय समय पर हो। इसलिए प्रत्येक अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रकरणों का निपटारा देरी के बिना, न्यायसंगत ढंग से हो। मुख्यमंत्री ने किसान पंजीयन की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही सभी पात्र किसानों का पंजीयन पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वे को गंभीरता से लेने और समय पर पूर्ण करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्वनी शर्मा ने पौधारोपण किया

**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हरितिमा और स्वच्छता के संकल्प के साथ लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण प्रदान करेंगे। स्वतंत्रता दिवस हमें न केवल देश की आजादी का महत्व याद दिलाता है,उत्काशय के विचार अश्वनी शर्मा ने व्यक्त किये उपरोकत अवसर पर जफर खान, अमरनाथ अवधिया, कमलेश साहू, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, सुमित कुमार दुबे,तथा विकास वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### बोड़तरा स्कूल में ध्वजारोहण संपन्न



**भाटापारा।** ग्राम बोड़तरा मे विद्यासागर महाराज एवं मुनि चिन्मय सागर महाराज जंगल वाले बाबा के मंगल आशीर्वाद से गुरुकुल पद्धति के द्वारा हिंदी और अंग्रेजी माध्यम का स्कूल संचालित किया जा रहा है। भारत की आजादी के पावन दिवस पर 79 स्वतंत्रता दिवस महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्य्र म के मुख्य अतिथि आनंद आदिल वर्मा सरपंच बोरतरा , अभिषेक मोदी डायरेक्ट मोदी स्कूल ,एवं श्यामलाल वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम के पश्चात आभार प्रदर्शन पीयूष , प्राचार्य वीरेंद्र पांडे के द्वारा किया गया।

### राजधानीवासियों को लुभा रही जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष पर राजधानी के टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई छायाचित्र प्रदर्शनी राजधानीवासियों को लुभा रही है। इस प्रदर्शनी में केबीसी के तर्ज पर यहां क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। युवा इसमें उत्साह के साथ हिस्सा लें रहे हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की परंपराओं, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं का जीवन परिचय और उनका स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान तथा राज्य निर्माण की यात्रा से जुड़ी कई दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही डिजिटल स्क्रीन पर स्लाइड शो भी के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों प्रदर्शित की जा रही है।















जय रघु पति राघव राजा राम- जय पतित पावन सीता राम

# श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, तीजा-पोला, श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं....







**बृजमोहन अग्रवाल जी**
सांसद
रायपुर लोकसभा



**शिवरतन शर्मा जी**
सदस्य-प्रथम, चतुर्थ एवं पंचम
विधानसभा छत्तीसगढ़

**भारतीय जनता पार्टी भाटापारा छत्तीसगढ़**


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com